हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 अगस्त 2026

06 श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत, तोरण द्वार सजाकर...



09 श्रावण का तीसरा सोमवार: मंदिरों में भोलेनाथ का हुआ अभिषेक...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

आरोन में रानी अवंती बाई लोधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



आरोन। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर शिवानी टायर, आरोन में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रानी अवंती बाई लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहस, शौर्य और देशभक्ति को नमन कि अवंती बाई लोधी ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय दिया। उनका जीवन और संघर्ष आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और युवा पीढ़ी को उनके शौर्य से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय और रानी अवंती बाई लोधी अमर रहें के जयघोष से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। जयंती समारोह में शहर के अनेक गणमान्य जन एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने निकाली भव्य प्रभात फेरी



राघौगढ़। राघौगढ़ स्वतंत्रता दिवस के पावन राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में राघौगढ़ नगर में अपार उत्साह, उमंग और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। नगर के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल व भव्य तिरंगा प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान राघौगढ़ स्कूल स्टूडेंट्स एंड फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर आत्मीय व ऐतिहासिक स्वागत किया गया।तिरंगामय हुआ पूरा नगर, गूंजे देशभक्ति के नारे:सुबह की वेला में हाथों में शान से लहराता राष्ट्रध्वज तिरंगा और अपने-अपने विद्यालयों के प्रेरणादायी बैनर थामे हजारों छात्र-छात्राओं का हुजूम जब सड़कों पर उतरा, तो पूरा नगर तिरंगामय नजर आया। नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर युवा विद्यार्थियों तक का जोश देखते ही बन रहा था।

सावन: शिवालयों में शिव का आकर्षक अभिषेक, निकाली भव्य पालकी यात्रा



राघोगढ़। सावन माह के तीसरे सोमवार को नगर सहित अंचल भर के शिवमंदिर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से शिव मंदिर पर हर हर महादेव के जयकारे लगे। सुबह से ही शिव मंदिरों में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रावण मास के भगवान शिव की पूजा अर्चना और आराधना के लिए विशेष महत्व होता है सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित माना जाता है ऐसे में सावन मास के तीसरी सोमवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना खास महत्व होता है। इस मौके पर नगर के प्राचीन शिव मंदिर धीरपुर छोटा शिवाला मंदिर नर्वदेश्वर महादेव मंदिर लेकर नगर में शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

ग्वारखेड़ा में वन भूमि पर कब्जे को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प के बाद तोड़फोड़

घर पर पथराव: गांव में भारी पुलिस बल तैनात, तीन की गिरफ्तारी, घायल भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वारखेड़ा में शासकीय वन भूमि पर वर्चस्व और कब्जे को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद रविवार शाम अचानक खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। भील और लोधा समाज के दो गुटों के बीच जमकर लाठी-डंडे, धारिया और पत्थर चले। हमले के दौरान दबंगों ने एक घर को घेरकर ताबड़तोड़ पथराव किया, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए और दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान मौके पर छूटी हमलावरों की बाइकों में दूसरे पक्ष की महिलाओं और युवाओं ने जमकर लाठियां भांजकर तोडफ़ोड़ कर दी। पूरी घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें नंगे हाथों और डंडों के साथ उपद्रवी उत्पात मचाते नजर आ रहे हैं। मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी अभी तक हो चुकी है।इस दौरान गांव में रातभर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं सुबह फिर से लाईन से बल भेजा गया। इस दौरान बमोरी, म्याना सहित अन्य थानों का पुलिस बल शांति व्यवस्था के लिए लगाया गया है।घटना की शुरुआत वन विभाग की भूमि की सीमा पर लगे सीमेंट के पिलर उखाडऩे और तोड़े जाने की बात पर हुई। लंबे समय से चल रही इस रंजिश ने उस वक्त तूल पकड़ लिया जब रविवार शाम करीब 5 बजे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मौके पर गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई। बाइक से पहुँचे हमलावरों ने घर के मुख्य दरवाजे पर डंडे बरसाए और पथराव शुरू कर दिया, जिससे पीड़ित परिवार के सदस्यों ने अंदर छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद जब दूसरे पक्ष के लोग लामबंद होकर पहुँचे, तो हमलावर अपनी गाड़ियां छोडक़र भाग खड़े हुए।सूचना मिलने पर बमोरी थाना पुलिस बल के साथ ग्वारखेड़ा पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तुरंत उपचार व चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल पहुँचाया गया। बमोरी थाना प्रभारी मचल सिंह मंडेलिया ने बताया कि फॉरेस्ट रेंज की जमीन पर कब्जे व पिलर तोडऩे की बात को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई है। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेकर दोनों ही पक्षों की ओर से मिली लिखित शिकायतों के आधार पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान दूसरे दिन भ्भी गांव में पुलिस बल तैनात रहा।



दोनों पक्षों ने कराई क्रॉस शिकायत

मामले में पहले पक्ष के करमदी निवासी रमेश भील ने शिकायत दर्ज कराई कि वह ग्वारखेड़ा दुकान पर सामान लेने गया था। मंदिर के पास मानसिंह, सीताराम और लक्ष्मीनारायण लोधी ने उसकी बाइक रोककर लाठी-डंडों से मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। बीच-बचाव करने आए उसके भांजे परमानंद और भतीजे सिकंदर से भी मारपीट की गई तथा उनकी मोटरसाइकिल एमपी 08-0193 में तोडफ़ोड़ कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं दूसरे पक्ष के ग्वारखेड़ी निवासी मानसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 अगस्त को रमेश भील ने उनके खेत के खंभे उखाडक़र फेंक दिए थे। 16 अगस्त की शाम जब उसने खंभे उखाडऩे का विरोध किया, तो रमेश ने गालियां देते हुए थप्पड़-मुक्कों और धारिया से हमला कर दिया।

इनका कहना है...

कल थाना बमोरी अंतर्गत दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें रमेश भील एवं मानसिंह लोधी के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। रमेश भील की तरफ से एसटीएससी की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में मानसिंह, सीमराम एवं लक्ष्मीनारायण की गिरफ्तारी कर ली गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए म्याना, बमोरी सहित अन्य थानों से पुलिस बल तैनात किया गया है। रात को बल वहीं रहा। फिलहाल क्षेत्र में शांति है।

-प्रशांत सिंह सुमन, एएसपी गुना

नवविवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर दी जान

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्यार्थी नगर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 23 वर्षीया नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना के बाद से ही मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है।

साड़ी से बनाया फंदा, कोलारस की रहने वाली थी मृतका: जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान यास्मीन खान (23) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से शिवपुरी जिले के कोलारस की निवासी थी। यास्मीन का विवाह वर्ष 2023 में हुआ था और वह अपने पति तथा एक छोटे बेटे के साथ गुना की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रह रही थी। रविवार की शाम अचानक यास्मीन का शव अपने ही कमरे में साड़ी से बने फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। जब ससुराल पक्ष के सदस्य कमरे में पहुंचे तो घटना का खुलासा हुआ, जिसके तुरंत बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहाँ सोमवार सुबह डॉक्टरों की टीम ने पीएम की प्रक्रिया पूरी की। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाएं हैं।

काव्य गोष्ठी: आपको तो तहजीब मिली थी विरसे में, आप कहां से तू तू करना सीख गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

निशान साहित्यिक मंच की ओर से कवि गोष्ठी का आयोजन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट विनय जैन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में ज्योतिबा फुले को याद करते हुए और स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अपने प्राणों के आहुति देने वाले स्वतंत्रता सपूतों को याद किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत में रविंद्र ने गजल सुनाई। इसके बाद अजय राव ने अहमद सलमान एक गज़ल जो हमपे गुजरे थे रंज सारे जो खुदपे गुजरे तो लोग समझे, जब अपनी-अपनी मोहब्बतें के अजाब झेले, तो लोग समझे । सुनाई। यावर अब्बासी साहब ने विजय तिवारी की गजल पढ़ते हुए कहा इसमें मजहब की कोई कैद नहीं है साहब , हर तरफ होते हैं खेमा बदलने वाले पढ़ी। फिर वकार मुर्तजा ने चरण सिंह बशर के गजल के शेर हुक्म दे रखा है शहरों की तबाही के लिए,कोई कानून नहीं जिल्ले इलाही के लिए सुनाई। प्रदीप सेन ने रगों में है जब तलक जात मजहब का होता है, लहू बोतल में आने पर जरूरत का होता है, प्रस्तुत किया। लोकेश शर्मा ने प्रसिद्ध शायर की गजल सुनाई कि सख्ती थोड़ी लाजिम है, पर पत्थर होना ठीक नहीं, हिंदू मुस्लिम ठीक है साहब ,पर कट्टर होना ठीक नहीं। शरद सक्सेना ने निदा फ़ाज़ली की गजल हर एक घर में दिया भी जले, अनाज भी हो, अगर ना हो कहीं ऐसा तो एहतिजाज भी हो प्रस्तुत की । पूजा श्रीवास ने फिल्मी गीत जागो जागो जागते रहो रे प्रस्तुत किया। संदेश गोंडल ने एक गज़ल छू लेने दो बच्चों को बच्चों के हाथों को चांद सितारे,वरना चार किताब में पढक़र यह भी हम जैसे हो जाएगे प्रस्तुत की।

बूढ़े बालाजी क्षेत्र में दर्जनों उपद्रवियों ने बोला धावा

घर-दुकान में तोड़फोड़ व खूनी पथराव सीसीटीवी में कैद हुई दहशत की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बूढ़े बालाजी स्थित हरिपुर रोड मस्जिद के पास बेखौफ उपद्रवियों ने जमकर बवाल काटा। करीब एक दर्जन की संख्या में पहुंचे लाठी-डंडों से लैस गुंडों ने इलाके में जमकर तांडव मचाया। उपद्रवियों ने एक किराने की दुकान और घर को निशाना बनाते हुए बेधडक़ पथराव किया और जमकर तोडफ़ोड़ की। हमले में दो भाई गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए हैं। सरेराह हुई इस गुंडागर्दी और खूनी वारदात से पूरे इलाके में दहशत व भारी तनाव का माहौल बन गया है। यह पूरी दुस्साहसिक वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ नाली की पुरानी रंजिश बताई जा रही है। रविवार रात करीब 8 बजे जब फरियादी आसिफ मोहम्मद अपने भाई इम्तियाज के साथ दुकान पर बैठा था, तभी कैंट और बूढ़े बालाजी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक नामजद आरोपी अचानक वहां पहुंचे। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित पक्ष ने इसका विरोध किया, तो अकील और शाहरुख ने जान से मारने की नीयत से सीधे ईंट और पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे दोनों भाइयों के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वे लहूलुहान हो गए। हमलावरों का गुस्सा यहीं नहीं रुका, उन्होंने दुकान के शटर, सामान और सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों में जमकर तोडफ़ोड़ की और भारी नुकसान पहुंचाया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपी आइंदा नाली की बात की तो जान से खत्म कर देंगे की धमकियां देते हुए भाग निकले।आधा दर्जन नामजद आरोपियों पर पुलिस का शिकंजाघटना के तुरंत बाद लहुलूहान अवस्था में पीड़ित सिटी कोतवाली पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी आसिफ की रिपोर्ट पर आरोपी अल्ताफ, शाहरुख, मेहबिस निवासी बूढ़े बालाजी तथा अकील, अरबाज, गज्जू पठान, अनस और फैजान निवासी कैंट के खिलाफ बीएनएस की धारा धारा 296 ए, 115 (2), 351(2), 3 (5), 324 (2), 191 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है। पुलिस का कहना है बूढ़े बालाजी क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें फरियादी आसिफ मोहम्मद ने बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है।



दयोदया एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स पार

गुना। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दयोदया एक्सप्रेस से खाटू श्याम के दर्शन करने जा रही एक महिला यात्री का बैग अज्ञात चोर उड़ा ले गया। मामला जीआरपी थाना विदिशा में शून्य पर दर्ज होने के बाद असल कायमी हेतु जीआरपी थाना गुना स्थानांतरित किया गया है। जानकारी के अनुसार, विदिशा निवासी रानी रैकवार (32) बीते दिन अपने परिवार के साथ ट्रेन क्रमांक 12181 दयोदया एक्सप्रेस के कोच एस-5 में सागर से जयपुर की यात्रा कर रही थीं। अशोकनगर स्टेशन निकलने के बाद महिला को नींद आ गई। जब गुना स्टेशन पर ट्रेन रुकी और महिला की नींद खुली, तो सीट पर रखा उनका भूरे रंग का लेडीज पर्स गायब था। पर्स में लगभग 48,000 रुपये कीमत के दो ओप्पो स्मार्टफोन, 10,000 रुपये नगद, दो चार्जर एवं एसबीआई का एटीएम कार्ड रखा हुआ था।

अज्ञात बाइक की टक्कर से 8 वर्षीय बालक गंभीर घायल

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरापोषर में एक बेकाबू मोटरसाइकिल चालक ने 8 वर्षीय बालक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, रसीद कॉलोनी निवासी अरविंद रजक का 8 वर्षीय पुत्र कार्तिक पुरापोषर में मकान के बाहर सडक़ किनारे खड़ा था। तभी तेज व लापरवाही से आई बाइक एमपी 08-2259 के चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बालक के सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आईं। पिता द्वारा बालक का इलाज कराने के बाद कैंट थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष का चौरसिया समाज ने किया सम्मान, प्रतिनिधि मंडल ने किया ग्रहण

शिव पालकी-कोयम्बटूर की प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नागपंचमी महोत्सव एवं 'चौरसिया दिवस' के पावन अवसर पर सोमवार को चौरसिया समाज द्वारा आयोजित सालाना जलसे में इस बार एक नवाचार किया गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा जिन्होंने चौरसिया समाज के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों को निशुल्क दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाया है उनके प्रति आभार व्यापित किया गया, एवं उनके शहर में मौजूद न रहने के कारण उनके प्रतिनिधि मंडल को प्रशस्ति पत्र एवं भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा भेंट करके कृतज्ञता व्यक्त की गई। शहर में एक विशाल और भव्य चल समारोह (शोभायात्रा) अत्यंत उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ निकाला गया। चौरसिया नवयुवा मंडल, महिला समिति एवं समस्त चौरसिया समाज के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सपरिवार भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे पुराना आरटीओ स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में भगवान श्री महादेव एवं नागदेवता के विशेष पूजन-अर्चन और जलाभिषेक के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रातः 11:00 बजे मंदिर परिसर से एक विशाल चल समारोह की शुरुआत हुई। जुलूस में श्रद्धालु भगवान शिव की पावन पालकी को अपने कंधों पर उठाकर 'जय महाकाल' और 'जय टेकरी सरकार' के जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। चल समारोह का मुख्य आकर्षण भगवान शिव की विशाल कोयम्बटूर शैली की भव्य प्रतिमा रही, जिसे देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।चल समारोह के दौरान समाज का ड्रेस कोड भी आकर्षण का केंद्र बना रहा, जिसमें पुरुष सफेद वस्त्रों में और महिला शक्ति पीले रंग के परिधानों व चुनरी में सज-धजकर शामिल हुईं। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों, पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड और हनुमान चौराहा होते हुए ए.बी. रोड स्थित गार्डन पहुँची।समाज के अक्षय चौरसिया ने बताया कि शोभायात्रा के गार्डन पहुँचने पर मुख्य अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया गया। इस दौरान वरिष्ठ जनों व बुजुर्गों का सम्मान, समाजजनों से सामाजिक वार्तालाप, बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा कन्या भोजन का आयोजन किया गया। अंत में सभी समाजबंधुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को सफल बनाने में अक्षय चौरसिया, सुनील चौरसिया सहित नवयुवा मंडल व महिला समिति के कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।।





शहर में निकली भव्य कावड़ यात्रा

शहर में लक्ष्मी नारायण महिला समिति एवं लक्ष्मी नारायण भक्त मंडल के संयुक्त तत्वाधान में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और भक्तिभाव के साथ किया गया। यात्रा का शुभारंभ लक्ष्मी नारायण मंदिर से हुआ, जहाँ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु हाथों में कावड़ थामे बम भोले-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष लगाते हुए रवाना हुए। शिवभक्त नाचते-गाते और भक्ति में मग्न होकर यात्रा के साथ गादेर गुफा स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर पहुँचे। वहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। महाआरती के बाद भगवान को भोग लगाया गया और सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। कावड़ यात्रा में विशेष रूप से महिला शक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

नई दिल्ली की घटना के विरोध में गुना में निकाला विशाल कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नई दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के अनादर के कथित विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला गुना द्वारा रविवार शाम को विशाल विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च आयोजित किया गया। शाम ठीक 6 बजे शास्त्री पार्क में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां और तिरंगा थामे कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के गगनभेदी नारे लगाकर अपना कड़ा विरोध जताया। यह कैंडल मार्च शास्त्री पार्क से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ जयस्तंभ चौराहे पहुँचा। जयस्तंभ चौराहे पर विशाल सभा के रूप में यह प्रदर्शन परिवर्तित हुआ, जहाँ वक्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के इस कृत्य की तीव्र भर्त्सना करते हुए इसे राष्ट्रगौरव का अपमान करार दिया। सामूहिक वंदे मातरम गायन के साथ किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, वरिष्ठ नेता, विधायक पन्नालाल शाक्य, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

बीनागंज बायपास पर पूर्व पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया का स्वागत



चांचौड़ा। ग्राम पंचायत पेंची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता महेंद्र सिंह सिसोदिया का बीनागंज बायपास पर उनके समर्थकों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने पूर्व मंत्री सिसोदिया का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के बाद पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया पेंची के लिए रवाना हुए।

कन्या विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह केनरा बैंक ने छात्राओं को वितरित की छात्रवृत्ति



चाचौड़ा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चाचौड़ा में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में केनरा बैंक की सहभागिता रही। इस अवसर पर केनरा बैंक द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर विद्या ज्योति योजना के अंतर्गत छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनायक सोपरा तथा केनरा बैंक चाचौड़ा शाखा प्रबंधक श्रीराम नरेश मीना उपस्थित रहे। साथ ही बैंक स्टाफ से कुणाल गौर, चंद्र प्रकाश मीणा एवं हितेश हियांकी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा के प्रति निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का मजबूत आधार है।केनरा बैंक द्वारा छात्रवृत्ति वितरण के माध्यम से शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम का उत्साह के साथ हुआ आयोजन

आरोन। जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ में 15 अगस्त का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य हरिकिशन मीना और अन्य स्टाफ जन उपस्थित रहे इस मौके पर छात्रों एवं छात्राओं द्वारा अनेकों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । कक्षा 10 के छात्रों द्वारा पिरामिड प्रस्तुत किया गया। पिरामिड से हमें यह शिक्षा मिलती है की एकता में ही शक्ति है। पिरामिड की प्रस्तुति की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा सराहना की गई। आदित्य दुबे एवं हरवीर



उज्जैन की तर्ज पर आरोन में निकली बाबा महाकाल की शाही सवारी

श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत, तोरण द्वार सजाकर उतारी आरती, बांटी प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



नगर में पहली बार उज्जैन की तर्ज पर बाबा महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली गई। धार्मिक आस्था और उत्साह से सराबोर सवारी का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं आरती कर स्वागत किया। सवारी के दौरान पूरा नगर बाबा महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।बाबा महाकाल की शाही सवारी का शुभारंभ पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर से हुआ। बाबा महाकाल की शाहीसवारी पुराना बाजार, विजय हनुमान मंदिर, घोसी मोहल्ला, पुरानी गल्ला मंडी, नेहरू पार्क, नया बस स्टैंड, दास हनुमान मंदिर चौराहा, मेन मार्केट, गुलाबगंज चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज और इंदिरा पार्क होते हुए सनकादिक आश्रम पहुंची।मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत के लिए तोरण द्वार सजाए गए थे। श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की और सवारी में शामिल भक्तों का स्वागत किया। पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवारी के दर्शन के लिए उमड़े।सनकादिक आश्रम पहुंचने पर बाबा महाकाल की विधिवत आरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। पहली बार आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

जीके बैडमिंटन क्लब द्वारा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

जीके. बैडमिंटन क्लब द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल करते हुए ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट की खासियत यह रही कि इसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में दो मुख्य श्रेणियां सिंगल्स ओपन एवं डबल्स ओपन रखी गई थीं। सिंगल्स ओपन फाइनल में गौरव चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑफिसर्स क्लब के अनुभवी व नियमित खिलाड़ी कपिल अवस्थी को कड़े मुकाबले में हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। डबल्स ओपन फाइनल में डबल्स वर्ग के फाइनल में विपुल अग्रवाल एवं जितेंद्र शर्मा की प्रतिभाशाली जोड़ी ने उत्कृष्ट तालमेल दिखाते हुए मोनू एवं कपिल की जोड़ी को मात देकर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। विजेताओं में 4,100 (गौरव चौहान) विजेता (प्रथम) 2,100 (कपिल अवस्थी) उपविजेता डबल्स ओपन 6,100 (विपुल एवं जीतू) विजेता (प्रथम पुरस्कार) 3,100 (मोनू एवं कपिल) उपविजेता अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष वैजू परिहार उपस्थित रहे।

चाचौड़ा-बीनागंज में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



बीनागंज झंडा चौक और सरकारी स्कूलों में कन्या हायर सेकेंडरी चाचौड़ा बीनागंज उत्कृष्ट विद्यालय प्रेम श्रीबीनागंज,सांदीपनी चाचौड़ा ,मॉडल स्कूल चाचौड़ा इंटर नेशनल स्कूल, झंडा वंदन किया गया। कम्युनिटी चाचौड़ा में सभी स्कूलों के छात्र छात्राएं एकत्रित हुए इसके बाद कार्यक्रम शुरू हुए। 80वें स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कम्युनिटी हॉल प्रांगण स्थित विजय स्तंभ पर झंडा बंदन हर्षोल्लास से किया गया। एसडीएम अमित सोनी के निर्देशन में आयोजित समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रकाशबाई मीना ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता नाटानी, जनपद उपाध्यक्ष मेहरवान सिंह गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष रश्मि शर्मा, एसडीएम अमित सोनी, तहसीलदार मयंक खेमरिया, सीईओ संजीत कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार रेणु कासलीवाल एवं थाना प्रभारी चाचौड़ा दिलीप राजौरिया सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे। सीईओ संजीत कुमार श्रीवास्तव ने जिले की विकास गाथा का वाचन किया। झंडा वंदन कार्यक्रम सभी संस्थाओं में हुए पत्रकार भवन में भी झंडा पत्रकारों की उपस्थिति में हुआ झंडा बंदन विजय सिंह पत्रकार ने किया।

कुलपति ने औचक निरीक्षण कर जांची कॉलेज की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



क्रांतिवीर तात्या टोपे शासकीय विश्वविद्यालय, गुना के कुलपति डॉ. किशन यादव के साथ शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीनागंज एवं शासकीय महाविद्यालय, चाचौड़ा का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान महाविद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर संबंधित प्राचार्यों को शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं में सुधार करने एवं व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान महाविद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की स्थिति, आधारभूत सुविधाएं, स्वच्छता, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं तथा छात्र-छात्राओं के लिए उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कृष्ण भोला सोनी, चाचौड़ा मंडल अध्यक्ष प्रदुमन मीना, मंडल महामंत्री गौरव चौकसे, प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना, प्राचार्य रानी शाक्यवार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मूल सिंह दादाभाई की पुण्य स्मृति पर सेवा कार्य

आरोन। राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की पुण्य स्मृति में आदरणीय दादाभाई मित्र मंडल एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल आरोन में फल वितरण करते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य संबंधी हाल-चाल जाना और उत्तम उपचार की व्यवस्था हेतु सेवा कार्य एवं सहयोग दादा भाई मित्र मंडल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने श्रद्धेय स्व. मूल सिंह , भाई के जीवन पर प्रकाश डाला। दादा भाई विधानसभा क्षेत्र के सहज सरल और कोमल हृदय तथा क्षेत्र के,प्रत्येक परिवार मे अपनत्व भाव से मुखिया के रूप में प्रतीत होने वाले और क्षेत्र की संपूर्ण जनता को अपना परिवार, और मित्रवत व्यवहार रखते हुए अपने आप को सेवक मानने वाले किसानों के हितैषी, शक्कर कारखाने के रूप में सौगात सबको देकर चले गए । जिन्हें हम सभी आज स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं और उनके द्वारा सेवा को सर्वोपरि मूल मंत्र हम सबको देकर गए हैं।

अमृत हरित महा अभियान के तहत श्री शिव टोरिया पर 2100 पौधों का रोपण



अशोकनगर। अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा श्री शिव टोरिया परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 2100 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज माणोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, रविन्द्र लोधी, यशलोक चौधरी, विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा, बाबा शिवहरे सहित सभी पार्षदगण एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज माणोरिया ने कहा कि पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने की जिम्मेदारी है। नगर पालिका द्वारा शहर में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

अमर शहीद शशीन्द्र सिंह के स्मारक पर छतरी लगाकर दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर की माटी में जन्में अमर शहीद शशीन्द्र सिंह राणा ने भारत पाक युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी थी, मरणोपरांत उन्हें भारत सरकार द्वारा वीर चक्र की उपाधि से सम्मानित किया गया था। अशोकनगर में उनका स्मारक ससम्मान स्थापित है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डिस्ट्रिक्ट आरएम 1 द्वारा उनके स्मारक पर छतरी लगाकर उनको सम्मान दिया गया। इस मौके पर ऑल इंडिया लीनेस क्लब की चेंज प्रेसिडेंट मेजर डॉक्टर आशा माथुर के भाई शशीन्द्र सिंह राणा की प्रतिमा पर 15 अगस्त के दिन माल्यार्पण व उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रांतीय अध्यक्षता सीमा अग्रवाल व चेयरपर्सन राजकुमारी साहू द्वारा सर्वप्रथम रिबन काटकर उसका उद्घाटन किया गया। 15 अगस्त के दिन लाइंस लिटिल स्टार जूनियर क्लब की बिटिया ऋषिका अग्रवाल वह यशिका अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण दिया। चेयरपर्सन राजकुमारी साहू का विषय शहीद सम्मान छतरी निर्माण में राजकुमारी साहू ने विशेष सहयोग दिया। उनका प्रांतीय अध्यक्ष व प्रांतीय सचिव द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सीमा अग्रवाल प्रांतीय सचिव डॉक्टर रजनी शुक्ला क्लब के सचिव रश्मि अग्रवाल द्वारा प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया गया और शत शत नमन किया। व सभी सदस्यों को आभार व्यक्त किया।

अनुविभागीय कार्यालय तहसील राघौगढ़
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अमित सोनी
डिप्टी कलेक्टर एवं
एस.डी.एम. राघौगढ़

बिजली व्यवस्था से परेशान महिदपुर क्षेत्र के ग्रामीणों ने हंगामा कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बिजली व्यवस्था से परेशान महिदपुर क्षेत्र के लोगों ने सोमवार दोपहर नईसराय पावर हाउस के सामने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर चक्काजाम कर दिया। जिससे दो घंटे तक आवागमन अवरुद्ध रहा। गांव के सरपंच संजय रघुवंशी, संयुक्त मोर्चा किसान संघ के जिलाध्यक्ष अजय रघुवंशी सहित अन्य ने बताया कि महिदपुर क्षेत्र में बिजली की केबल जर्जर हालत में हैं, जिसके चलते आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि, रविवार की रात भी केबिल में हुई स्पार्किंग के कारण एक गंभीर हादसा तक गया। ग्रामीणों ने बिजली की अनियमित आपूर्ति को लेकर भी नाराजगी जताई। इसके बाद बिजली कंपनी के जेई शशांक सिंह और पुलिस स्टाफ द्वारा ग्रामीणों को समझाइस देने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण लिखित आश्वासन पर अड़ गए। इस पर बिजली विभाग के जेई ने ग्रामीणों से कहा कि, नियमानुसार पहले बिजली बिल जमा करें। इसके बाद मामला बिगड़ गया। दोनों पक्षों के बीच जब बात नहीं बनी तो तहसीलदार शंभू सिंह मीणा और थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता मौके पर पहुंचे। और बिजली कंपनी के जेई और ग्रामीणों के बीच बैठकर मामला सुलझाया। बैठक में तय हुआ कि ग्रामीण बिजली बिल की कुल बकाया राशि का 40 फीसदी भुगतान करेंगे और बिजली कंपनी जर्जर केबिल को बदलेगी।

सहकार भारती अशोकनगर की इकाई ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सहकार भारती जिला इकाई द्वारा सहकार भारती के जिला कार्यालय पर महेन्द्र शर्मा के मुख्य आथित्य में तथा विभा श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा के बिशिष्ठ आथित्य में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम राष्ट्रीय गीत का गायन हुआ तत्पश्चात ध्वजा रोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया।

दोनों अथिति द्वारा लक्ष्मण राव नामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर व सहकारिता गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की सहकार भारती के जिला अध्यक्ष अशोक सोनी ने बताया देश में सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1979 क़ो पुणे में हुई इसकी देश में लगभग 650 शाखाएं संचलित है महामंत्री रविन्द्र भारद्वाज ने कार्यक्रम क़ो बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाये जाने की भूरी भूरी प्रशंसा विभा श्रीवास्तव ने शहर में स्वामी विवेकानंद क्रेडिट सोसायटी क़ो अच्छे स्तर पर संचालित करने में सहकार भारती के सदस्य बनाने में सहयोग करने के लिए सभी आगे आए। जिला संगठन प्रमुख अबधेश शर्मा ने सहकारिता के आंदोलन से समाज का आर्थिक उत्थान किये जाने आव्हान किया तथा तहसील स्तर पर जो गठन किया गया है वो भी तहसील स्तर पर संघठन क़ो मजबूती प्रदान कर सदस्य संख्या बढ़ाये इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साधना शर्मा,रमेश पाराशर,राजीव जैन (जाट) पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, नैना शर्मा अर्चना उपाध्याय मुन्नालाल क ला व त , स ती श बुधोलिया,नेमीचंद साहू, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे अंत में आभार प्रदर्शन रविन्द्र भारद्वाज द्वारा किया गया।

पंजाबी महिला विकास समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया



अशोकनगर। पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय जिला चिकित्सालय में विकास समिति की महिलाएं पहुंची और रक्तदान किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष मीता सड़ाना ने बताया कि रक्तदान एक महादान है हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी का भी जीवन बचा सकता है, इसलिए सारे दानों में रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है। हमे अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से कभी शरीर में खून की कमी नहीं होती। रक्तदान स्वयं भी करें अन्य लोगों के लिए भी प्रेरित करें।

सभी देश वासीयो को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
1. पानी की एक एक बूंद का उपयोग करें पानी व्यर्थ न बहाएं।
2. कस्बे को साफ सुंदर और स्वच्छ बनाने में सहयोग दें।
3. करो का भुगतान समय पर करें
4. शासन की योजनाओं का लाभ ले
5. नगर को हरा भरा बनाने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाए

CMO
संतोष कुमार सोनी

विधायक प्रतिनिधि
रंजित धाकरे
सौ.- नगर परिषद पिपरई, जिला अशोकनगर

खबर संक्षेप



अथर्वा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए हेमंत

अशोकनगर। नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी हेमंत श्रीवास्तव को कोटा में आयोजित षष्ठम अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन में अथर्वा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 8 अगस्त को अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान कोटा द्वारा गीता भवन कोटा में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में ज्योतिषी हेमंत श्रीवास्तव को संस्था के अध्यक्ष आचार्य आदित्य कुमार शास्त्री और अखिल भारतीय संस्था संघ दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बंसल द्वारा प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा भी विशेष रुप से उपस्थित थे। ज्योतिषी श्रीवास्तव को यह सम्मान भारतीय प्राच्य विद्या ज्योतिष विज्ञान, हस्त रेखा, वास्तु शास्त्र न्यूमेरोलोजी आयुर्वेद एवं अन्य विधाओं के प्रचार प्रसार, संरक्षण व समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है। मुंगावली पुलिस ने ग्राम खुटिया बामौरी में ताश के पत्तों से जुआं खेलत हुए सोनू केवट, बरकत खान राजा खान, कृष्णविहारी प्रजपाति,जयकुमार राय, राजकमल आदि को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1740 रूपए सहित ताश की गडडी बरामद की है। इसी प्रकार शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम जलालपुर में पहाड़ी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजा अहिरवार, रामकुमार रघुवंशी राजाराम कुशवाह को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी, 4000 रूपए सहित 2 बाईक बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने टोरिया के पास बांसापुर में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सुल्तान अहिरवार, हेमंत गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, शिवम अहिरवार, नीलू जाटव, बलवीर जाटव,सतेन्द्र चंदेल, को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 3140 रूपए बरामद किए हैं।

अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विदिशा रोड़ चुंगीनाका निवासी सेवाराम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एमपीबीबी के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाई चोरी कर ले गया।

7 खाद्य कारोबारकर्ताओं को हाइजीन रेटिंग हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किए



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को कलेक्टर कक्ष में जिले में ईट राइट एक्टिविटी के अंतर्गत 07 खाद्य कारोबारकर्ताओं को हाइजीन रेटिंग के संबंध में प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने बताया कि यह हाइजीन प्रमाण पत्र खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाता है। संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों का इंदौर से आये ऑडिटर द्वारा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य भंडारण और रखरखाव, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोई और परिसर की साफ-सफाई,कीट नियंत्रण और जल सुरक्षा के आधार पर मूल्यांकन किया जाकर प्रमाण पत्र प्रदान किये गये है। इस अवसर पर महावीर स्वीट्स के संचालक मनोज कुमार जैन,शाही रेस्टोरेंट के संचालक अजय कुमार जैन, विकास नमकीन एण्ड स्वीट्स के संचालक विकास जैन,चंदन दी हवेली के संचालक नवजोत सिंह संधु,लजीज रेस्टोरेंट के संचालक अमर कुमार सोनी तथा लकी बेकरी के संचालक अमित विरग को प्रमाण प्रदान किए।

कांवड़ यात्रा पर फूलों से स्वागत किया, बम भोले के गूंजे जयकारे

श्रावण का तीसरा सोमवार: मंदिरों में भोलेनाथ का हुआ अभिषेक, कांवड़ यात्राएं निकलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रावण के महीने का तीसरा सोमवार अशोकनगर शहर में भक्ति और आराधना के रूप में मनाया गया। मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए। शहर भक्ति में डूबा नजर आया। बड़ी संख्या में कावड़ यात्री त्रिवेणी नदी से जल लेकर पहुंचे। शहर में कावड़ यात्रियों पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। यह कावड़ यात्री हाथ में तिरंगा लेकर भी चल रहे थे।

शहर में तीसरा सोमवार भोले नाथ के मंदिरों में ओम नमः शिवाय की गूंज के साथ मनाया गया। भोलेनाथ के भक्तों में आस्था की बयार देखी गई। सुबह से ही भक्तों को शिवालयों में जाते हुए देखा गया। भोलेनाथ जी की पूजा-अर्चना, अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित हुए। कई भक्त सहपरिवार भोले बाबा के दरवार में पहुंचे। भक्तों ने तमाम सामग्री से भोलेनाथ का अभिषेक किया जिसमें जल,दूध वेल पत्री आदि शामिल हैं। दोपहर में और शाम की अवधि में शहर के मंदिरों में भजन और कीर्तन के आयोजन हुए। शहर के सारे शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गई। हजारेश्वर मंदिर, ब्रम्हागौड़ शिव मंदिर, शिव टोरिया, आसमानी माता मंदिर, तारवाले बालाली, सराफा बाजार हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए।





शहर में भव्य कांवड़ यात्रा निकली

प्रतिवर्ष शहर में कावड़ यात्रा का आयोजन बबलू यादव के नेतृत्व में किया जाता है। इस बार भी यह कावड़ यात्रा पूरे भक्ति भाव से निकाली गई। कावड़ यात्रा से पहले शहर के गांधी चैक पर झण्डिया और झण्डे लगाए गये थे तथा कावड़ यात्री एक जैसी वेश-भूषा में नजर आए। सुबह के 9:00 बजे बड़ी संख्या में इन कावड़ यात्रियों को त्रिवेणी नदी पर कावड़ में जल भरते देखा गया। जिसके बाद यह कावड़ यात्रा तूमैन से 8 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर अशोकनगर पहुंची। जगह-जगह कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। गाजे-बाजों के साथ निकली इस शोभा यात्रा में शहर के लोग भी शामिल होते गए। बाद में भोले नाथ के दरवार में अभिषेक किया गया।

जल की पवित्रता और संरक्षण की मूल भावना का संदेश लेकर निकली कांवड़ यात्रा



सावन के पवित्र माह को सत्यम से शिवम की ओर यात्रा का सिद्ध उपासना के साथ भगवान शिव की उपासना का अनुपम संगम माना जाता हैं भगवान शिव की आराधना में करोड़ों श्रद्धालु सैकडो मील दूर से नदियों के पवित्र जल लाकर पद यात्रा करते हुए भगवान शिव का जल अभिषेक करते हैं देश भर के सभी राज्यों में शिव मय वातावरण निर्मित होता है भारत के सभी प्रसिद्ध शिव मंदिरों सहित 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर लोग शिव उपासना और भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक कर मनोरथ पाते हैं। श्रावण के तीसरे सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर शहर में भव्य कावड़ यात्रा प्रति वर्ष की तरह निकाली गई सैकडो श्रद्धालुओं ने प्राचीन नगरी तूमेन स्थित त्रिवेणी घाट से कावड़ में जल लेकर 9 की मि पैदल चल कर शहर में प्रवेश किया इस मौके पर शहर वाशियो ने कावड़ यात्रियों का स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। डॉ जयमंडल रेडक्रॉस अध्यक्ष ने कावड़ यात्रा के सनातन संदेश के साथ ही धार्मिक महत्व एवं वैज्ञानिक दृष्टि गत भावना व्यक्त करते हुए बताया भगवान शिव प्रकृति और मां पार्वती शक्ति स्वरूपा है समुचित ब्रह्मांड की आदि शक्तियों को शिव स्वरूप मानते हैं। जल सबसे प्राचीन है जब कुछ भी नहीं था सब कुछ शून्य था तक जल होने के प्रमाण हैं तो बही भगवान शिव अनादि है कावड़ संदेश में डॉ जय मंडल जी ने जल के शुद्धि करण, जल संरक्षण , तथा जल वायु सहित पृथ्वी को हरि भरी बनाए रख कर ही भगवान शिव को पवित्र एवं शुद्ध जल अर्पित कर शिव आराधना में छिपे जल है तो कल है के संदेश पर अपनी बात नाग पंचमी सावन माह के प्रसंग में रख कर लोगो तक प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण से जागरूकता भरा संदेश व्यक्त किया है। सावन माह में कावड़ यात्रा देश भर के धार्मिक प्रचलन का पवित्र भाग है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी लल्लू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेन्द्र, राजू, रोहित, अभिषेक परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी इकबाल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अकील खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अखील खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनवर ,इमरान, छोटू और इकबाल खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी इमरत लाल कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल, आनंद और गोपाल कौली की पत्नि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से आनंद कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इमरत, रविशंकर, अमन और सत्तू कौली ने उसे मारपीटी क की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुटियाबामोरी निवासी अरूण कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दयाराम कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।



स्वतंत्रता दिवस पर सेवा, संस्कार और देशभक्ति का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति' द्वारा को आंगनवाड़ी केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। समिति की सभी बहनें एक साथ एकत्रित हुईं और बच्चों के समक्ष ध्वज वंदन किया। पूर्व अध्यक्ष विभा मोदी महामंत्री प्रियंका जैन एवं पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में सरल एवं सुंदर शब्दों में जानकारी दी तथा स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक बातें भी बताईं। समिति की सभी बहनों ने मिलकर बच्चों को तिरंगे झंडे एवं लड्डू वितरित किए। साथ ही बच्चों के लिए 'पेंसिल, कॉपी, ड्राइंग बॉक्स, हाथ की घड़ी, जूते-चप्पल, कपड़े, बैग' एवं अन्य उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर सभी बहनों का मन भी आनंद से भर गया। मंजू जैन द्वारा आंगनबाड़ी की पूरी व्यवस्था की गई एवं अध्यक्ष महामंत्री द्वारा सारा कार्य किया गया राष्ट्रीय मंत्री ईदू गांधी के नेतृत्व में सारा कार्यक्रम किया गया

इसी श्रृंखला में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर समिति की सभी बहनों ने तिरंगे रंगों की वेशभूषा धारण कर देशभक्ति की भावना के साथ रैली निकाली। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण और ध्वज वंदन किया गया। 'राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी' द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों एवं देशभक्ति नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ कर शहीदों को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. लेखक संघ इकाई अशोकनगर के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभागार में एक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। राष्ट्रीय गीत, गजलों, कविताओं की काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी इकाई अध्यक्ष सुभाष जैन सरल की अध्यक्षता एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य गोविन्द मीणा तथा एज्युकेशन एक्टिविस्ट्स समिति के सचिव कमल सडाना के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

गोष्ठी में सुभाष सरल ने अपनी कविता राष्ट्रप्रेम का भाव जगाएँ, हम हिन्दू हों या मुस्लिम हों, भारत भूमि अपनी जननी हम हिन्दू हों या मुस्लिम हों का वाचन कर राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता पर बल दिया। प्रियकांत माथुर ने अपनी गजल-मेरी कोशिश है कि लोगों के दिलों से नफरत नाकाम हो जाये, स्नेह के उशूलों पर चलकर मोहब्बत आम हो जाये प्रस्तुत की। कवि सुधीर गुप्ता ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कविता-आजादी के दीवानों का ऐसा ही कुछ किस्सा है, 15 अगस्त आज उन्हीं की यादों का एक हिस्सा है। कवि जगदीश शर्मा ने क्रांतिकारी वीर बलिदानियों की याद में गीत राष्ट्रध्वज को ओढ़कर जो कर गए बलिदान तन, अंजली भरकर उन्हें अर्पित करूँ श्रद्धा सुमन। कमल सडाना ने सामाजिक महत्व की कविता-सबसे सहमत आदमी सीधा नहीं होता वह चालाक आदमी होता है, सहमति उसका हथियार है जिसके सहारे लटककर वह सभी विवादों से निकल जाता है। दूधनाथ मधुकर ने अपना गीत गढी भारत की नजरें पाक के आतंकी ठिकानों पर, कफ़न तक न मिलेगा पाक में उनको दुकानों पर प्रस्तुत किया। गिरजेश भार्गव ने राष्ट्रीय कविता -जन्मभूमि हे भारत माता तुमको सौ सौ वन्दन है, तेरी माटी हम पुत्रों को सच में पावन चन्दन है,पेश किया। तदुपरांत महेश श्रीवास्तव ने अपनी व्यंग्य रचनाओं से सभी को गुदगुदाया साथ ही एक राष्ट्रीय कविता -हिंदुस्तान हूँ मुझे किसी से बैर नहीं, मुझको छेड़े समझो उसकी खैर नहीं, का लयबद्ध वाचन किया। वरिष्ठ कवि एवं संरक्षक प्रेमनारायण श्रीवास्तव ने शीर्षक असफल प्रेमी से रचना - वादा किया था तुमने समय पर मिलने आना, घर जाकर जबै पहुंचा तो ताला घर लटका मिला पेश की। राजेश श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य ने पिता की महिमा बताते हुए जीवन भर पिता व बच्चे के मध्य सम्बंध बताते हुए पिता की भावना व्यक्त की। सुनील जैन क्रोकरी ने अपनी रचना बाँटता फिरता है ख़ुशियाँ, हँस के मिलता है सबसे, गम को अपने सर पर रख लूँ में वो सुल्तान हूँ, प्रस्तुत की। होशियार सिंह ने श्सीमा के सैनिक, खेतन के किसान इन दोनों के हाथन में भारत की शान, पेश की, तदुपरांत हास्य कवि लक्ष्मीनारायण सोनी ने पति पत्नी पर चुटकुले सहित स्वतंत्रता दिवस की रचना न तिलक लगाने से हिन्दू होता है ,न टोपी लगाने से मुसलमान, आपस में मत लड़ो नहीं तो होगा सबका नुकसान, का वाचन किया।

एसोसिएशन ने किया वरिष्ठ अकाउंटेंट सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अकाउंटेंट एसोसिएशन द्वारा रविवार दोपहर वरिष्ठ अकाउंटेंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में वर्षों तक अकाउंटेंसी के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने वाले वरिष्ठ अकाउंटेंट पदम कुमार जैन, रामकुमार शर्मा, प्रकाश चंद जैन, आजाद जैन, कैलाशचंद जैन, अनिल बज का समिति सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी वरिष्ठ साथियों का शाल, श्रीफल, पेन व स्मृति बिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और अकाउंटेंसी में भविष्य की चुनोतियों का सामना करने के लिए अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति सचिव स्वप्निल सोनी ने एसोसिएशन का उद्देश्य व गतिविधियों को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ साथी हमारे लिए केवल वरिष्ठ नहीं हैं, वह हमारी प्रेरणा और मार्गदर्शन के स्रोत है। हमने किताबों से अकाउंटेंसी सीखी होगी लेकिन व्यावहारिक जीवन की आउंटेंसी हमने अपने वरिष्ठों से ही सीखी है। कार्यक्रम को समिति कोषाध्यक्ष नीरज नामदेव, संगठन मंत्री कैलाश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अजय जैन, करण शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अकाउंटेंट संतोष शर्मा, राजेश जैन, राजू पालीवाल आदि रहे मौजूद।

मानस मंथन समिति द्वारा तुलसी जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

अशोकनगर। 19 अगस्त वुधवार को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मानस मंथन समिति अशोकनगर द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सायं 5 बजे से स्कूली बच्चों द्वारा श्री रामचरित मानस पर प्रश्नोत्तरी,तात्कालिक प्रश्नोत्तरी, महिलाओं द्वारा मानस गायन,शहर के विद्वानों द्वारा मानस के विभिन्न विषयों पर उद्धार, गौ-सेवकों का सम्मान,बच्चों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम माधव भवन में रखा गया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गूंजे देश भक्ति के तराने, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का हुआ सम्मान

पिपरई, राजपुर और चंदेरी में भी स्वतंत्रता दिवस पर समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले भर में स्वतंत्रता दिवस पर समारोह के आयोजन किए गए। वर्षा की रिमझिम फुहारों के बीच पिपरई, राजपुर और चंदेरी में मुख्य समारोह आयोजित किए गए। जिनमें स्कूली बच्चों से लेकर जनप्रतिनिधि शामिल हुए और शान से तिरंगा लहराया गया।

पिपरई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देशभक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालयों के बीच आयोजित प्रस्तुतियों में सांदीपनि विद्यालय ने प्रथम स्थान, विद्या भारती स्कूल पिपरई ने द्वितीय स्थान तथा सांदीपनि विद्यालय पिपरई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए।

राजपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजपुर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम राजपुर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। स्कूल के प्राचार्य दयाराम मोर्य के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ, मंच का संचालन अमरसिंह निगम और जितेन्द्र जाटव ने किया।





स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा



तारासदन हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि शहर के प्रतिष्ठित शिक्षा एक्टिविस्ट एवं व्यवसायी कमल सडाना रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कमल सडाना की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी देशसेवा से जुड़ी रही है। शहर के प्रमुख विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा शिक्षा के विकास के उद्देश्य से वे कई वर्षों से एक समूह के माध्यम से सहयोग करते आ रहे हैं। अपने उद्बोधन में कमल सडाना ने विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रेमचंद सहित महान साहित्यकारों एवं लेखकों की पुस्तकों को पढ़ने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छी पुस्तकें विद्यार्थियों के ज्ञान, विचारों और व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक मनोज अग्रवाल, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल एवं नितिन गोयल मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर एन्सी एंटो एवं सिस्टर चित्रा ने की। समारोह में विद्यालय की सभी सिस्टर्स, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया शहर में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर साकेत मालवीय और पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए अशोकनगर लोक निर्माण विभाग के सहायक यंत्री अशोक गुप्ता को सम्मानित किया गया।

अस्पताल में भर्ती सैकड़ों मरीजों और अटेंडर हो रहे हैं परेशान

जिला अस्पताल के कई टॉयलेट व शौचालय तालों में कैद कर रखे





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, संसाधनों की यदि बात की जाए तो राजगढ़ जिला चिकित्सालय भोपाल, इंदौर के बड़े निजी अस्पतालों से काफी बेहतर है। लेकिन, जहां बात डॉक्टरों की उपलब्धता, मरीजों के ईलाज और सुविधाओं की आती है वहां कई तरह के प्रश्न चिन्ह हमेंशा खड़े हो जाया करते हैं। शासन द्वारा राजगढ़ मुख्यालय पर जिला अस्पताल के रूप में भव्य इमारत का निर्माण अलबत्ता करवा दिया गया है लेकिन मरीजों और अटेंडरों को अभी भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब एक नई समस्या से मरीज और साथ आए परिजन काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। दरअसल, जिला अस्पताल में मरीजों और अटेंडरों के लिए बनाए गए बहुत से टॉयलेट और शौचालयों में ताला लगवा दिया गया है। ये ताले किसने और क्यों लगवाए यह एक बड़ी जांच का विषय है। इन टॉयलेट और शौचालयों का निर्माण भर्ती मरीजों की संख्या के मान से किया गया था। ऐसे में सिर्फ कुछेक टॉयलेट और शौचालयों के खुला होने और बाकी में ताला लगा होने से आमजन खासे परेशान हैं।

मेल, फीमेल वार्डों में लगे हैं ताले

जिला अस्पताल के फस्ट फ्लोर(प्रथम तल) पर मेल जनरल, फीमेल जनरल के दो-दो वार्ड हैं। इनमें 80 पेंशेंट भर्ती रहते हैं। इसके साथ ही अस्सी पेंशेंट के साथ एक-एक अटेंडर भी साथ रहता है। इसी फ्लोर पर पुरुष वार्ड का एक टॉयलेट खुला हुआ है लेकिन दूसरे में ताला लगवा दिया गया है। जो टॉयलेट खुला हुआ है उसके अंदर के दो शौचालयों के गेटों पर भी ताले लगे हुए हैं। इसी तरह की स्थिति महिला वार्ड के टॉयलेट की भी है। एक टॉयलेट ओपन है लेकिन दूसरे टॉयलेट में ताला लगवा दिया गया है। यह हालात सिर्फ पहली मंजिल तक ही सीमित नहीं है बल्कि पहली मंजिल से नीचे आने पर सीढ़ियों के ठीक सामने एक पुरुष शौचालय में ताला लगाा हुआ है।

आखिर किसने लगवाए हैं ये ताले

यहां सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर टॉयलेट में ये ताले किसने लगवाए हैं। स्वच्छताकर्मियों की आउटसोर्स एजेंसी के मैनेजर सोम कलोसिया के अनुसार उनके किसी भी एम्प्लाय के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के स्टाफ ने ही ऐसा किया हुआ है ताकि वे साफ-स्वच्छ टॉयलेट में जा सकें।

ताले स्टाफ के कारण लगाए थे

कुछ टॉयलेट में ताले स्टाफ के कारण लगाए थे। रिफ्रेश के लिए स्टाफ कहां जाएगा। सभी वार्डों की बात करें तो जनता को भी अवेयर होना पड़ेगा। सफाई के आधे घंटे बाद भी टॉयलेट को देखें तो फिर गंदे कर दिए जाते हैं। नलों की टोटियां, पाईप तक लोग बाथरूमों में से चुरा ले गए। फिर भी मै प्रथम तल के वार्डों के टॉयलेट ओपन करवाता हूं। सभी के सहयोग से ही अस्पताल का बेहतर तरीके से संचालन हो पाएगा।

- डॉ. अमित कोली
आरएमओ, जिला अस्पताल, राजगढ़

लापरवाहियों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

रीडर को सस्पेंड किया, जिला कोषालय अधिकारी सहित 2 को नोटिस थमाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी प्रहलाद ढोढरिया एवं जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के अहिरवार को शोकाज नोटिस प्रदान करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। ब्यावरा जनपद द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जपं सीईओ को अगली टीएल बैठक में स्वयं उपस्थित होकर स्थिति प्रस्तुत करने तथा 7 दिवस में लंबित शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसी तरह अमरगढ़ में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रीडर को सस्पेंड करने के साथ ही पीठासीन अधिकारी को भी बदलने अधीनस्थों को निर्देश प्रदान किए।

राजस्व शिकायतों के निराकरण में सख्ती के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित शिकायतों के निराकरण में राजस्व अधिकारी पूरी तरह सजग एवं गंभीर रहें। लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर करें कार्रवाई

बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी की लापरवाही पाए जाने एवं एनालॉग पनीर की जब्ती का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की एवं संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों से संबंधित शिकायतों, विशेषकर ईंधन में पानी की मिलावट के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित समिति को सख्ती से निगरानी करने तथा शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दो में से एक आईसीयू शुरू नहीं हुआ

सिविल अस्पताल भगवान भरोसे! आईसीयू और पीआईसीयू की व्यवस्थाओं पर सवाल



अस्पताल लेकर आते हैं। अस्पताल में भर्ती होने के बाद उन्हें यह भरोसा रहता है कि बच्चे को 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी और आवश्यक उपचार मिलेगा। लेकिन यदि रात 8 बजे के बाद पीआईसीयू की सुविधा बंद हो जाती है और बच्चों को सामान्य वार्ड में ले जाने के लिए कहा जाता है, तो विशेष वार्ड बनाने और उस पर खर्च किए गए सरकारी बजट का उद्देश्य ही सवालों के घेरे में आ जाता है।

अस्पताल में दो आईसीयू वार्ड होने के बावजूद इनमें से सिर्फ एक के संचालित होने की बात सामने आई है, जबकि दूसरा आईसीयू वार्ड तैयार होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हो सका है। वहीं बच्चों के लिए बनाया गया पीआईसीयू वार्ड भी नियमित रूप से 24 घंटे संचालित नहीं होता हैं। सबसे गंभीर मामला शनिवार को सामने आया, जब अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में मौसमी बीमारी, निमोनिया और अन्य संक्रमण से पीड़ित छोटे-छोटे बच्चे भर्ती थे। बच्चों को उपचार के दौरान बोतल, इंजेक्शन सहित अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं दी जा रही थीं। लेकिन परिजनों के अनुसार रात करीब 8 बजे पीआईसीयू बंद करने की बात कही गई। बच्चों को बोतल लग रही थी और स्टॉप नर्स बोलती हुई आई के जिसको बोतल नहीं लगी उसकी बोतल भी नीचे वार्ड में लगेगी और जिनको बोतल लग रही उनको भी बोतल नीचे लगेगी और छोटे बच्चों के हाथों से बोतल नली निकाल दी और परिजनों को दे दिया और कहा ले चलो नीचे वार्ड में लगवा लो।

स्थिति यह बनी कि छोटे बच्चों को गोद में उठाकर उनके परिजन हाथ में बोतल और निडिल लेकर सामान्य वार्ड की ओर जाते दिखाई दिए। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जब बच्चों के लिए अलग से पीआईसीयू वार्ड बनाया गया है और उसमें गंभीर अथवा विशेष निगरानी की आवश्यकता वाले बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, तो रात के समय उसकी सेवाएं बंद करने की व्यवस्था क्यों है? यदि पीआईसीयू को 24 घंटे संचालित करने की आवश्यकता है, तो रात्रिकालीन व्यवस्था के लिए पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधन क्यों उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं?

मौसम बदलते ही बढ़ रहे बीमारी के मामले: वर्तमान में मौसम में नमी और बदलाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम, बुखार, निमोनिया सहित कई मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। सबसे ज्यादा छोटे बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का उपचार किया जा रहा है, लेकिन यदि बच्चों को भर्ती करने के बाद रात में पीआईसीयू जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है तो अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। परिजनों का कहना है कि वे अपने बीमार बच्चों को बेहतर उपचार की उम्मीद में

लिफ्ट बनी शोपीस, सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर डायलिसिस मरीज: अस्पताल की एक अन्य महत्वपूर्ण सुविधा भी सवालों के घेरे में है। मरीजों और उनके परिजनों के अनुसार अस्पताल में लगी लिफ्ट का नियमित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर डायलिसिस कराने आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। डायलिसिस जैसे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को सीढ़ियों के सहारे ऊपर जाना पड़ता है। ऐसे मरीजों में कई कमजोर और गंभीर स्थिति वाले होते हैं, जिन्हें सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी हो सकती है। जब अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लाखों रुपये खर्च कर लिफ्ट स्थापित की गई है तो उसका संचालन सुनिश्चित करना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता होनी चाहिए। लिफ्ट बंद रहने से मरीजों को होने वाली परेशानी के साथ ही सरकारी संसाधनों के उपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार बजट जारी किया जाता है। अस्पतालों में आईसीयू और पीआईसीयू , डायलिसिस, आधुनिक उपकरण और अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

इनका कहना है
मामले की जानकारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएन भीलवारे को दी गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अभी कुछ दिन पूर्व ही कार्यभार संभाला है। उन्होंने कहा, मैं मामले को दिखवाता हूं।

शुरू की तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल

अब ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में उतरे कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षक समुदाय के बाद अब कृषि विभाग के कर्मचारी भी ऑनलाईन अटेंडेन्स का खुलकर विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के बैनर तले जिले के सभी ब्लॉकों के कृषि विस्तार अधिकारियों ने ऑनलाइन अटेंडेन्स सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर सोमवार से तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी।

इस विरोध प्रदर्शन के तहत सभी कृषि विस्तार अधिकारी उप-संचालक कृषि के दफ्तर पहुंचे और नारेबाजी करते कार्यालय के सम्मुख ही धरना देकर बैठ गए। संघटन जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला महामंत्री सचिन परमार ने बताया कि सभी कृषि विस्तार अधिकारी दिन, रात न देखते हुए लगन से फील्ड सहित अन्य शासकीय कार्यों में जुटे रहते हैं। इसके बावजूद शासन द्वारा ईएचआरएमएस प्रणाली के तहत ई-अटेंडेन्स अनिवार्य की गई है। यह ई-अटेंडेन्स उन कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए उचित रहती है जो सुबह 10 से शाम 6 बजे तक दफ्तर में बैठते हैं लेकिन हमारा काम तो फील्ड का है। कभी-कभी सुबह 7 बजे भी हमें खेतों में जाना पड़ता है और उधर, रात हो जाया करती है। ऐसे में ई-अटेंडेन्स की अनिवार्यता कृषि विस्तार अधिकारियों के लिए व्यवहारिक नहीं है।



यह भी है मांगे
हड़ताली कर्मचारियों की अन्य मांगों में गेड-पे 2800 रुपए करना, वर्तामान में दिए जा रहे 500 रुपए के भत्ते को बढ़ाकर 5 हजार रुपए करना है। हड़ताली कृषि विस्तार अधिकारियों में संघटन उपाध्यक्ष राकेश परमार, शिल्पा कराड़े, लितिका तिवारी, बलवान परमार, संदीप नागर, अरविंद मेवाड़ा, कृष्णपाल भाटी, आंकाक्षा गुप्ते सहित अन्य शामिल हैं।

एलईडी पर प्रसारित किया मुख्यमंत्री का संदेश

राशि के इंतजार में जिले की 2 लाख 93 हजार लाड़ली बहनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गृहणियों, महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और घर की छोटी-मोटी जरूरतों की पूर्णता के लिए शुरू की गई लाड़ली बहना योजना की इस जुलाई माह की किश्त अभी तक पात्र महिलाओं के खातों में नहीं आई है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को अब डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह रुपए प्रदान किए जाते हैं लेकिन इस माह 16 तारीख निकल जाने के बाद भी गृहणियां, पात्रताधारी महिलाएं राशि का इंतजार कर रही हैं। आपको बतादें कि राजगढ़ जिले में इस योजना के तहत लगभग 2 लाख 93 हजार महिलाओं को हर माह डेढ़ हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। अमूमन हर माह की 10 से 12 तारीख के बीच में महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से यह राशि शासन द्वारा प्रदान कर दी जाती है लेकिन इस माह अभी तक कोई राशि पात्र गृहणियों के एकाउन्ट में नहीं आई है। इस बारे में जिले के अधिकारियों से बात करने पर उनका कहना था कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों की व्यवस्ता इत्यादि के कारण इस माह राशि हस्तांतरण कुछ लेट हुआ है। गत वर्ष की बात करें तो शासन ने रक्षाबंधन को देखते हुए योजना के तहत मिलने वाली राशि के अलावा 250 रुपए अतिरिक्त रुपए महिलाओं के खातों में डाले थे। आगामी 28 फरवरी को रक्षाबंधन का त्यौहार है। ऐसे में पात्र महिलाओं द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि संभवतः इस वर्ष भी 250 रुपए अतिरिक्त उनके खातों में आएंगे। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है।

हाईवे किनारे घायल अवस्था में मिला व्यक्ति, अस्पताल में मृत घोषित किया



सारंगपुर। सोमवार रात करीब 2 बजे टेंचिग ग्राउंड के पास हाईवे रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर 112 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सारंगपुर लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर ने जांच के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना संबंधित पुलिस को भी दी गई है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यक्ति हाईवे के पास घायल अवस्था में कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आसपास के क्षेत्र में जानकारी जुटा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं होने से उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोधीपुरा से महिला और पुरुषों का जत्था कामखेड़ा बालाजी धाम रवाना



लखनवास। आस्था और परंपरा का प्रतीक माने जाने वाली पैदल यात्रा लोधीपुरा गांव से कामखेड़ा बालाजी धाम के लिए रवाना हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव के बच्चे, बूढ़े, महिला और पुरुष बड़ी संख्या में इस धार्मिक यात्रा में शामिल हुए। सुबह गांव से भगवा ध्वज के साथ यात्रा शुरू की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय बजरंग बली, जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। हाथों में ध्वजा और पैरों में आस्था लेकर निकले श्रद्धालुओं का दृश्य बेहद भक्तिमय था। गांव वालों का मानना है कि कामखेड़ा बालाजी के दर्शन करने से गांव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसी आस्था के चलते प्रति वर्ष लोधीपुरा से बड़ी संख्या में लोग पैदल इस धाम तक जाते हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा और भोजन-पानी की व्यवस्था गांव के युवाओं द्वारा की गई है। श्रद्धालु रास्ते भर भजन-कीर्तन करते हुए कामखेड़ा बालाजी पहुंचेंगे और वहां पूजा-अर्चना कर गांव की खुशहाली की कामना करेंगे।





सैनिकों ने सांझा किए आर्मी के अनुभव

बार्डर पर सेवाएं दे चुके पूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय स्थित होटल में रविवार दोपहर भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे चुके भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी सैनिक सम्मानित किए गए। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने अपने सेवाकाल के अनुभव एवं सेना में बिताए यादगार प्रसंग उपस्थितों से सांझा किए। कुछ पूर्व सैनिकों ने कहा कि अगर वापस से उनकी आवश्यकता आर्मी को पड़ी तो वे किसी भी पल बार्डर पर जाने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा एवं शैलेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने सैनिकों को



संबोधित करते हुए कहा कि उनका जुड़ाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि उनका परिवार भी सैनिक परंपरा से जुड़ा रहा है। शर्मा ने कहा कि वे राजगढ़ कलेक्टर से आगृह करेंगे कि जिले में सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए, ताकि पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं और आवश्यक सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

रोपे कई किस्मों के पौधे

कार्यक्रम के अंत में पौधरोपण भी किया गया एवं सभी सैनिकों सहित अन्य ने होटल परिसर में विभिन्न किस्कमों के पौधे रोपे। कार्यक्रम का संचालन रघुभूषण ने किया। समारोह के अंत में आयोजन के सूत्रधार शैलेश गुप्ता ने सभी अतिथियों, सैनिकों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। संदीप सोनी, टिल्लू विजयवर्गीय, समर्थ गुप्ता, कुलदीप सहित नागरिक उपस्थित रहे।